तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 17 अप्रैल 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



12 आवेदनों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं





14 उज्जवला गैस के हजारों आवेदन सालभर से पेंडिंग, पोर्टल...




## खबर संक्षेप

### लीलर में मानसगान सम्मेलन हुआ

**धमतरी।** श्री रामनवमी पर्व पर लीलरवासियों के सहयोग से दो दिवसीय श्रीराम चरित्र मानस सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें अंचल की ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में हेमंत नेताम, दीपक सिन्हा, अगस्त नेताम, कल्याण ठाकुर, सूर्या नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। मंच संचालन राममिलन साहू ने किया।

### वार्षिक अधिवेशन 17 को

**मगरलोड।** खिसोरा परिक्षेत्र साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन 17 अप्रैल को ग्राम नवागांव खिसोरा में होगा। मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि धमतरी विधायक ओंकार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद अध्यक्ष विरेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू होंगे। सम्मेलन में एक जोड़ा का आदर्श विवाह होगा।

### शादी में युवक की पिटाई पुलिस विवेचना में जुटी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम कुरूटोला में कुछ युवको ने शादी में अन्य युवक का रास्ता रोककर हाथ-मुक्का व लाठी से मारपीट किया। मारपीट का शिकार हुए युवक ने घटना की शिकायत चारामा थाना में किया, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया। चारामा थाना पहुंचे पण्डरीपानी निवासी 23 वर्षीय इन्द्रदेव जुर्री पिता रायसिंग जुर्री ने पुलिस को बताया कि मैं पण्डरीपानी से कुरूटोला शादी में शामिल होने गया था।

शहर के तीन मार्ग को फोरलेन बनाने की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी

# शहरवासियों को जल्द मिलेगी हाईटेक बस स्टैंड, ऑडिटोरियम, नालंदा परिसर की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ट्रिपल इंजन की सरकार बनते ही शहरवासियों को मूलभूत सुविधांए तेजी से मिल रही हैं। शहर के तीन मार्ग को फोरलेन बनाने की स्वीकृति मिलने के बाद बहुप्रतीक्षित हाईटेक बसस्टैंड, ऑडिटोरियम, कांटा तालाब में चौपाटी निर्माण, वर्कशाप के पास कला केंद्र, एमफी थिएटर, नालंदा परिसर सहित शहर में ड्रेनेज सिस्टम सुधारने की योजना बनाई गई है। बता दें कि ये सभी 15 साल पुरानी मांग है जिसे प्राप्त करने शहरवासियों को लंबा इंतजार करना पड़ा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों की बैठक लेकर जानकारी मांगी जिस पर निगम ने उक्त योजनाओं को मूर्त रुप देने की जानकारी दी है।

ननि आयुक्त प्रिया गोयल ने बताया कि खपरी में प्रस्तावित हाईटेक बसस्टैंड के लिए 17 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस राशि से महानगरों की तर्ज पर अत्याधुनिक बस स्टैंड बनाया जाएगा। एकसाथ दर्जनों बसें खड़ी हो सकेंगी। यात्री प्रतीक्षालय, सीसीटीवी कैमरा, पंखा, कूलर, बैठने के लिए कुर्सी, लेट बाथरूम, रेस्ट रूम, वेडिंग रूम, सुरक्षा गार्ड, लंबा चौड़ा परिसर, एनाउंसमेट केबिन, टिकिट काउंटर, लगेज रूम आदि की सुविधा होगी। बस स्टैंड बनाने के लिए टेक्निकल सेक्शन प्राप्त हो चुका है, संभवतः निर्माण कार्य अतिशीघ्र शुरु हो जाएगा।

सिहावा रोड स्थित ऑडिटोरियम के लिए 5 करोड़ की स्वीकृति हुई है। इस राशि से ऑडिटोरियम का कायाकल्प किया जाएगा जिसमें बैठने के लिए आरामदायक कुर्सियां, ध्वनि प्रवर्धन, ध्वनि नियंत्रण, दृश्य श्रवण उपकरण, लाइटिंग एक्सेसिबिलिटी, पर्यावरण नियंत्रण उपकरण, अग्निशमन सुरक्षा उपकरण, संग्रहालय, प्रदर्शन केंद्र, एलसीडी प्रोजेक्ट सिस्टम, वीडियो सुविधाएं, एसी, लेट बाथरूम, 1000 लोगों के बैठने की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाएं रहेंगी।

कांटातालाब चौपाटी के लिए 9 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है जो अतिशीघ्र स्वीकृत हो जाएगा। तालाब सौंदर्यीकरण सहित आधुनिक चौपाटी का निर्माण किया जाएगा। लोगों के बैठने की व्यवस्था, लाइटिंग, कैमरा, सुरक्षा गार्ड, लेट बाथरूम आदि सुविधाएं रहेंगी। वर्कशाप के पास कला केंद्र, एमपी थियेटर के लिए भी प्रोजेक्ट बनकर तैयार है।




### नालंदा परिसर के लिए 5 करोड़ स्वीकृत हुए

नालंदा परिसर के लिए 5 करोड़ रूपए की स्वीकृति हुई है। हाईटेक सुविधाओं से युक्त नालंदा परिसर में इंडोर आउटडोर स्टडी रूम, एसी टावर, मल्टीमीडिया संसाधन, ई-लाइब्रेरी, जैव विविधता उद्यान, गजेबो, पेगोंलम, इंटरैक्टिव जोन, सभी सेक्टर के लिए किताबें, वाईफाई जोन, प्लाजा, बुकस्टाल, स्टेशनरी, मेडिकल सुविधा, खेल सामान, रेस्टोरेंट आदि सुविधा होगी।

### ड्रेनेज सिस्टम सुधारने 10 करोड़

आयुक्त ने बताया कि शहर का ड्रेनेज सिस्टम सुधारने 10 करोड़ का प्रस्ताव है। इस राशि से नाली, नालों का नवनिर्माण, अंडर ग्राउंड नालियां, सफाई के प्राकृतिक रास्ते बनाए जायेंगे ताकि बारिश के दिनों में शहर के वार्ड जलमग्न होने से बच सके। शहर का ड्रेनेज सिस्टम काफी पुराना है जिसे नया रूप दिया जाएगा। जलमग्न क्षेत्र का चिन्हांकन कर विशेष फोकस किया जाएगा। इसके अलावा शहर के 150 स्थानों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाएगा ताकि बारिश का पानी धरती के अंदर चला जाए और जलभराव न हो।

# नेशनल हेराल्ड मामले पर कांग्रेस ने किया एसबीआई का घेराव

## केंद्र सरकार एवं ईडी के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नेशनल हेराल्ड केस मामले में ईडी ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य नेताओं के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है। इसे लेकर कांग्रेस ने स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया धमतरी का घेराव करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और इसे राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया। भाजपा की केंद्र सरकार एवं ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों को ज़ब्त करना और सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करना राजनैतिक उत्पीड़न की कार्रवाई है। देश की जनता और कांग्रेस के कार्यकर्ता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ मज़बूती के साथ खड़े हैं।

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य नेताओं के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करना प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की ओर से बदले की राजनीति और धमकी के अलावा कुछ नहीं है। कांग्रेस नेतृत्व चुप नहीं रहेगा। मोहन लालवानी ने कहा कि नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त करना और पार्टी नेतृत्व के खिलाफ चार्जशीट सरकार का अन्यायपूर्ण कदम है। लेखराम साहू ने कहा कि राजनीतिक रंजिश के कारण भाजपा अब बदले की कार्रवाई पर उतर आई है। विपिन साहू ने कहा कि यह लोकतंत्र पर हमला है। विजय देवांगन ने केन्द्र सरकार पर आरोप लगाया कि हमारे नेताओं को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है।

प्रदर्शन के दौरान जिला महामंत्री आलोक जाधव, योगेश लाल, प्रकाश पवार, ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, अरविन्द दोशी, रामनाथ यादव, सलीम गौस, पार्षद दीपक सोनकर, विशु देवांगन, ऋषभ ठाकुर, रोशनी पवार, राजेश ठाकुर, राजेश पाण्डेय, दीपक साहू, सोमेश मेश्राम, आशुतोष खरे, गौतम वाधवानी, तारिक रज़ा कादरी, अजय सिन्हा, वातंजलि गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।





हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969


# जिला अस्पताल के चप्पे-चप्पे पर तीसरी आंख का पहरा

- सुरक्षा की कवायद : 360 डिग्री राउंड कैमरा के साथ 22 कैमरे लगाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला अस्पताल के भीतर व परिसर के चप्पे-चप्पे पर नजर रखने 360 डिग्री राउंड कैमरा के साथ अत्याधुनिक कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों की मदद से अस्पताल में होने वाली गतिविधियों पर सतत नजर रखी जा रही है।

अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम होना अतिआवश्यक है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था होने से अस्पताल में डयूटी कर रहे चिकित्सक, स्टाफ, मरीज व अटेंडर अपने आपको सुरक्षित महसूस करते हैं। जिले के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल जिला चिकित्सालय में पूर्व से ही मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, क्योंकि बीते वर्षों में अस्पताल में कई बार अप्रिय स्थिति निर्मित हो चुकी थी। कई बार मरीज के साथ पहुंची भीड़ द्वारा ड्यूटी पर तैनात डाक्टर व स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार किया जा चुका है। वहीं अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीजों का मोबाइल, बैग व नकदी व परिसर में रखी साइकिल व बाइक की चोरी हो चुकी है। मरीजों के लिए चौबीस घंटे खुले रहने वाले जिला अस्पताल में विशेषकर रात्रि में असामाजिक तत्व घुसकर संदिग्ध हरकत करते हैं। वहीं अस्पताल की छत व मर्रच्यूरी तरफ असामाजिक तत्व नशापान करते हैं। इन सभी समस्याओं को देखते हुए अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। अस्पताल के वार्ड व गैलरी में लगे पुराने कैमरों की मरम्मत कराई गई। वहीं अस्पताल के सामने पार्किंग से लेकर नेत्र चिकित्सायल तक, मर्रच्यूरी की तरफ, न्यू वार्ड की बिल्डिंग के गेट व छत में अत्याधुनिक कैमरे लगाए गए हैं। अस्पताल व परिसर में कुल 22 कैमरे एक्टिव हैं।





### पांच जिलों के मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं

लगभग 250 बिस्तर से अधिक की क्षमता वाले जिला चिकित्सालय में धमतरी सहित आसपास के पांच जिलों के मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं जिसके कारण अस्पताल के वार्ड व ओपीडी मरीजों से भरा रहता है। वहीं पार्किंग स्थल पर भी सैकड़ों वाहन खड़े रहते हैं। प्रतिदिन 500 से अधिक ओपीडी वाले अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होना आवश्यक है।

### सिविल सर्जन के कक्ष से मॉनिटरिंग

अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप ने बताया कि अस्पताल में पहले से कैमरे लगे हुए हैं लेकिन तकनीकी खराबी के कारण कुछ कैमरे बंद हो गए थे जिसे सुधारकर एक्टिव किया गया है। वहीं अस्पताल के सामने पार्किंग के पास 360 डिग्री रोटेशन का कैमरा व परिसर सहित भीतर अत्याधुनिक कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों की मदद से सिविल सर्जन के कक्ष से मॉनिटरिंग की जा रही है। आवश्यकतानुसार और भी कैमरे लगाए जाएंगे।

### सिक्युरिटी गार्ड भी बढ़ाये गए

सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2024-25 में हुए टेंडर में सिक्युरिटी गार्ड की संख्या बढ़ाई गई है। पूर्व में टेंडर के अनुसार 15 गार्ड की तैनाती रही है। इस बार 25 गार्ड का टेंडर निकाला गया जिसके तहत सिक्युरिटी गार्ड को अस्पताल में अलग-अलग पाइंट व वार्ड में शिफ्ट के अनुसार तैनात किया गया है।

## दुग्ध संग्रहण केन्द्र और पशु चिकित्सालय का किया निरीक्षण

# दूध उत्पादकों के भुगतान में देरी होने पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा सेमरा बी. में संचालित दुग्ध संग्रहण केन्द्र पहुंचे। उन्होंने उपस्थित दुग्ध उत्पादकों से क्षेत्र में दूध की कुल उत्पादित मात्रा, गांव में डेयरी एवं मवेशियों की संख्या, भुगतान प्रक्रिया और चिलिंग प्लांट में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। संग्राहकों ने बताया कि उनके द्वारा बेचे गए दूध की राशि का भुगतान नहीं हुआ है। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए पंचायत सचिव को निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में भुगतान प्राप्त होने के बाद संग्राहकों का भुगतान न रोके, इस काम में लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने की बात कलेक्टर ने की। इस दौरान कलेक्टर ने पशु चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं और सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि गांव में गीर, एचएफ, साहीवाल, जर्सी सहित अन्य नस्लों की गायें हैं। कृत्रिम गर्भाधान से उत्पादित वत्स लिंग वर्गीकृत वीर्य इसमें बछिया होने की 90 प्रतिशत संभावना होती है। गांव से लगभग 10 लाख रूपये का नर मवेशी विक्रय भी किया गया है, जिसे अंजोरा और चंदखुरी ले जाया जाता है। इसका उपयोग अंदरूनी गांवों में कृत्रिम गर्भाधान के लिए किया जाता है। इसके साथ ही बुल कस्टूडियन भी शत-प्रतिशत अनुदान पर दिये जाते है। अधिकारियों ने बताया कि छग कुक्कुट पालन प्रोत्साहन योजना की हितग्राही है, जिन्हें अनुदान प्रदान किया गया है। इस दौरान कलेक्टर ने देमार फिशरी का भी अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।




### समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# आवेदनों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**बेवजह मरीजों को रेफर न करें, अन्यथा की जायेगी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने सुशासन तिहार के पहले चरण में मिले आवेदनों को जल्द से जल्द पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इसके लिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसे गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड के लिए भूमि चिन्हांकित करने कहा। उन्होंने साफ तौर पर हिदायत दी है कि बेवजह मरीजों को रेफर न करें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने मगरलोड के एनआरसी शिफ्टिंग की जानकारी



भी ली। विकासखण्डों के चिकित्सालयों में सीएससी खोलने कहा और इसकी जानकारी लोगों को मिल सके, इसके लिए बैनर भी चस्पा करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव सहित जिलास्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीणों के लिए निस्तारी हेतु जलाशयों से तालाबों में पानी भरने की जानकारी ली और लाइनिंग का काम गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय सीमा में करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने हैंण्डपम्पों की मरम्मत और कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की बात कही। उन्होंने नगरी के कर्णेश्वर, सोरम-भटगांव-बेन्द्रानवागांव और गंगरेल मार्ग के भी प्रस्ताव तैयार करने कहा। इसके अलावा बजट में जुड़े सभी कामों की जानकारी कलेक्टर ने ली। उन्होंने मैदानी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के निरीक्षण की नियमित जानकारी प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पांच साल से अधिक हो चुके सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिले की बड़ी पंचायतों में ग्रामीण विस्तार अधिकारी, पटवारी, सचिव और सीएससी संचालक को बैठने कहा, ताकि ग्रामीणों के सभी काम एक ही स्थान पर हो सके। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अपार आईडी की प्रगति, स्कूलों में समर कैम्प की तैयारी की जानकारी ली और पीएमश्री स्कूलों में निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने कहा।

# ब्लाक के कई गांव में नवनिर्वाचित सरपंचों को नहीं मिला प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड




पंचायत सचिवों द्वारा 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से ब्लॉक के कुछ नव निर्वाचित सरपंच प्रभाव से वंचित हो गए है। पंचायत राज अधिनियम के तहत चुनाव से विजयी होने के बाद पंचायत का प्रभार सरपंच को नहीं मिलना दुर्भाग्य का विषय है। विकासखंड के ग्राम पंचायत अरौद, रांकाडीह, अमलीडीह, नवागांव (बु.) के नवनिर्वाचित सरपंच प्रभार से वंचित हैं। ज्ञात हो कि 3 फरवरी 2025 को पूर्व सरपंचों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। कार्यकाल समाप्ति पश्चात पूर्व सरपंचों द्वारा नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार देना आवश्यक है किंतु पूर्व सरपंचों की लापरवाही एवं उदण्डता व्यवहार से नवनिर्वाचित सरपंचों को समय पर प्रभार नहीं देना पंचायती राज अधिनियम का खुला उल्लंघन है। प्रभार नहीं मिलने की स्थिति में पंचायत की गतिविधियां अवरुद्ध हो गई हैं। लापरवाह पूर्व सरपंचों पर उचित कार्रवाई किया जाना शासन के हित में आवश्यक है। इस संबंध में जनपद सीईओ दिव्या ठाकुर ने कहा कि नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार देने के लिए पंचायत संचालनालय से आदेश दिया गया है कि 8 फरवरी 2025 तक नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार दिया जाए। समय पूर्व प्रभार नहीं देना पंचायती राज अधिनियम का उल्लंघन है। पूर्व सरपंचों का कृत्य अनुचित एवं निंदनीय है। उन्होंने आवश्यक कार्रवाई के लिए तहसीलदार को पत्राचार किए जाने की बात कही।

- प्रभार नहीं मिलने से पंचायत में विकास कार्य हुए अवरूद्ध, योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

## खबर संक्षेप

### प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 21 अप्रैल से

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनईपी अंतर्गत अध्ययनरत बीए, बीएससी, बी. कॉम, बीसीए, बीएससी होम सांईस व्दितीय सेमेस्टर के नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों की प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 21 से प्रारंभ होकर 26 अप्रैल तक चलेगी। विद्यार्थियों को प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। मूल्यांकन परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी विद्यार्थियों की होगी।

### अजजा मोर्चा ने संविधान की प्रस्तावना का किया वाचन

**नगरी।** भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर भाजपा अजजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने बाबा साहेब के चित्र पर दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पित किया। कर्राघाटी भाजपा बूथ अध्यक्ष अश्वन कुंजाम की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर धूप, दीप जलाकर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष नगरी पूरन धृतलहरे, बूथ अध्यक्ष अशवन कुंजाम, उपसरपंच नोहर मरकाम, भागीरथी दर्रो, तीतराराम, प्रेमलाल कुंजाम समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## निधन

### नोहरू राम सिन्हा



**सिर्री।** ग्राम मरौद निवासी नोहरू राम सिन्हा उम्र 68 वर्ष का निधन 14 अप्रैल सोमवार को हो गया। वे धनेश्वरी सिन्हा के पति थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने मनोहर लाल, फत्तेराम, जोत कुमार, चूड़ामणि, मालती, चंद्रकला, सीमा, प्रज्ञा सहित समाजजन, ग्रामीणों की भीड़ रही।

### दिनेश यादव



**धमतरी।** ग्राम कुर्रा (देवरी) के अधिवक्ता दिनेश यादव 46 वर्ष का निधन हो गया। वे फुलिता बाई के पति व नैनसी, साक्षी, पूर्वी, रोहण के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन व ग्रामीणजन शामिल हुए।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

# देवरी में बाबा साहेब को याद किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



ग्राम पंचायत देवरी में भारतरत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती को दलित आइकन के सम्मान में मनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने अपना सारा काम और जीवन मजदूरों, महिलाओं और अछूतों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। भारत के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। भारतीय संविधान का निर्माण किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व को फैलाने और कम आय वाले लोगों की वित्तीय स्थिति को समृद्ध करने के लिए 1923 में बहिष्कृत हितकारिणी सभा की स्थापना की। उन्होंने समान अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी और जीवन भर एक अर्थशास्त्री और समाज सुधारक रहे। उन्होंने देश का नया संविधान बनाया, जिसे 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने अपनाया। डॉ अम्बेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण पूजन पश्चात उनके कार्यों को याद किया गया।

इस अवसर पर सिन्धु बैस सभापति जनपद पंचायत कुरुद, योगमाया संरपच, यंशवत बैस, थानेश्वर बैस, रुपराम साहू, मोरज साहू, राधेलाल साहू, तिपेन्द्र साहू सहित पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा ने मुकुन्दपुर में गांव चलो, घर-घर चलो अभियान चलाया

# राष्ट्र सर्वोपरि ही भाजपा का मूलमंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



अंबेडकर जयंती पर भारतीय जनता पार्टी ने गांव चलो, घर-घर चलो अभियान मुकुन्दपुर बूथ में आयोजित किया। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी दिनेश्वरी नेताम ने ग्रामवासियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का मूल मंत्र राष्ट्र सर्वोपरि है। भाजपा एक राजनीतिक दल ही नहीं, अपितु एक विचार व संस्कार है। संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर नमन करते हुए कहा कि भाजपा ही बाबा साहब के विचारों को आत्मसात कर जनहित के काम कर रही है। पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने संविधान की उद्देशिका का वाचन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को लेकर भाजपा की सरकार गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक योजनाएं चला रही है।

अजजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाते हुए पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री और छग के मुख्यमंत्री का संदेश जन-जन तक पहुंचा रहे है।

इस दौरान कार्यक्रम के सहप्रभारी बुधेश्वर साहू, अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूरन धृतलहरे, बूथ अध्यक्ष बालसिंग सोरी, कर्राघाटी बूथ अध्यक्ष अश्वन कुंजाम, सरपंच दुर्गा दर्रो, उप सरपंच नोहर मरकाम, तितराराम सोरी, लीलेश्वर यादव, प्रेमलाल कुंजाम सहित ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गोरेगांव में शासकीय योजनाओं की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर ग्राम गोरेगांव में गांव चलो घर-घर चलो अभियान के तहत केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर जाकर बताया गया और लाभ लेने की अपील की गई। मौके पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल महामंत्री गुरुप्रसाद साहू, बूथ अध्यक्ष भानुप्रताप साहू, ताराचंद साहू, सरपंच कन्हैयालाल नाग, वार्ड पंच समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पंचायत सचिव क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



प्रदेश भर के पंचायत सचिव एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। मगरलोड विकासखंड के 66 ग्राम पंचायत के सचिव जनपद कार्यालय के सामने शनि देव मंदिर के पास अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। हड़ताल पर गए लगभग एक माह होने को है। पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से आवास, पेंशन, जन्म, मृत्यु, विवाह प्रमाण पत्र, नल जल योजना, राशन कार्ड, पुराने कामों की भुगतान पेंडिंग सहित शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन ठप हो गया है।

- 28 अप्रैल को जंतर-मंतर में करेंगे प्रदर्शन

पंचायत सचिव 12 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे हैं। 16 अप्रैल को सचिव गोविंद साहू, चम्पेश्वर यादव, किसन साहू, रामनारायण साहू, सेवक साहू भूख हड़ताल पर रहे। पांच पंचायत सचिव प्रतिदिन क्रमिक भूख हड़ताल पर डटे रहेंगे। पंचायत सचिवों ने बताया कि हड़ताल को और अधिक धार देते हुए 28 अप्रैल से देश की राजधानी नई दिल्ली के जंतर-मंतर में आंदोलन किया जायेगा।

# समाजसेवियों ने किया गौ माता का अंतिम संस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

पंजाब बैक के सामने धमतरी रोड पर मंगलवार की शाम 7 बजे के आसपास किसी अज्ञात गाड़ी की चपेट में आकर एक गाय की मौत हो गई। इसकी जानकारी होने पर नगर के समाजसेवी सन्नी छाजेड़, सत्यम भट्ट, साकेत सिंह चौहान, प्रभात साहू, टेसु सेमरे, मयंक डागा, यश जैन ने गाय का अंतिम संस्कार किया।

# खुलेआम हो रहा शराब पीने व पिलाने का कार्य



फाइल फोटो

- कार्रवाई नहीं होने से मदिरा प्रेमियों के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शासन प्रशासन ने शराब दुकान के समीप खोमचा के लिए निविदा व्यवस्था कर शराब पिलाने के स्थान को सुरक्षित किया है। ब्लॉक मुख्यालय के प्रवेश द्वार के समीप देशी विदेशी शराब दुकान में खुलेआम शराब पिलाने का कार्य हो रहा है। उक्त स्थल पर प्लास्टिक डिस्पोजल पानी पाउच सहित अन्य अपशिष्ट पदार्थ का ढेर लग गया है। शराब दुकान के आसपास संचालित डेली मिक्स एवं किराना दुकान के पास सैकड़ों मदिरा प्रेमी खुले में शराब पी रहे हैं। शासन प्रशासन द्वारा संचालित नियमों का पालन नहीं कर मनमानीपूर्वक खुलेआम शराब पीने के लिए दुकानदार स्वयं जगह आरक्षित कर पनाह दे रहे हैं। शराब दुकान के आसपास खुले में शराब पिलाने या पीने वालों के जमघट से राहगीर परेशान हैं।

### मुख्य मार्ग पर शराब दुकान

ब्लॉक मुख्यालय मगरलोड के प्रवेश द्वार पर देशी विदेशी शराब दुकान संचालित है। शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का आना-जाना लगा रहता है। ब्लॉक मुख्यालय स्थित जनपद कार्यालय, तहसील कार्यालय, पुलिस थाना, अस्पताल, बैंक सहित अन्य कार्यों के लिए सैकड़ों महिला पुरुष, बच्चों का आना-जाना होता है। सोमवार को मगरलोड तथा शुक्रवार को भैंसमुंडी का साप्ताहिक बाजार लगता है। महिलाएं सब्जी खरीदने बाजार आती हैं। शराब प्रेमियों की हरकतों से शर्मशार होना पड़ रहा है।

### महिलाएं हो रही शर्मसार

मुख्य सड़क किनारे खुलेआम शराब बिक्री तथा खुलेआम शराब पीने पिलाने का अवैधानिक कार्य जोरों पर चल रहा है। इस कृत्य को देखकर माता बहनें शर्मसार हो रही हैं। आने जाने वाले मुंह छिपाकर चलने मजबूर हैं। मुख्य सड़क में शराबियों के जमघट से बचकर निकलना पड़ रहा है।

### आबकारी एवं पुलिस विभाग मौन

मुख्य सड़क किनारे खुले में शराबियों द्वारा शराब पीने पिलाने का अवैधानिक कार्य किया जा रहा है। इस सड़क मार्ग से सामान्य से लेकर उच्च अधिकारियों का आना-जाना हो रहा है। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, तहसीलदार जैसे उच्च पदस्थ अधिकारियों की जानकारी में है। इसके बाद भी आबकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जो आश्चर्य का विषय बना हुआ है।

### होगी कार्रवाई

इस संबंध में थाना प्रभारी अरूण साहू ने कहा कि खुले में शराब पिलाना अवैधानिक कार्य है। कार्रवाई की जाएगी।

# गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई

- खट्टी में पोषण पखवाड़ा व रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



उपतहसील करेली बड़ी के आश्रित ग्राम खट्टी में मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों द्वारा पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में रैली का आयोजन कर कुपोषण मुक्त का नारा लगाया गया एवं पालकों से बच्चों को पौष्टिक आहार परोसने की अपील की गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लछवंतीन सोनकर ने बताया कि कार्यक्रम में पौष्टिक आहार की प्रदर्शनी दिखाकर गर्भवती, शिशुवती माताओं को बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर पौष्टिक भोजन खिलाने की अपील की गई। इससे बच्चों में किसी भी प्रकार का कुपोषण नहीं होगा।पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कुपोषण घटाना है। कुपोषण मुक्त गांव बनाना है। कार्यक्रम में पोषण के 5 सूत्र को विस्तार से बताया। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं छह माह के बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। पालकों को दूध, ताजा फल, मल्टीविटामिन सिरप, शाकाहारी सब्जी का सेवन करने एवं बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हनिकारी खाद्य पदार्थ का सेवन नहीं करने कहा गया। सरपंच खेमलता साहू ने पालकों को बच्चों की सेहत पर विशेष ध्यान देने पौष्टिक आहार खिलाने कहा गया।

इस अवसर पर उपसरपंच तोरण आनेश्वरी, पंच यशवंत साहू, आरएचओ देवकी साहू, आंगनबाड़ी सहायिका द्विज बाई समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

# परसवानी में पांच जोड़ों का हुआ आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद





ग्राम परसवानी में परिक्षेत्र साहू समाज बानगर (सिंगलद्वीप) के तत्वावधान में वार्षिक सम्मेलन सह आदर्श विवाह का आयोजन किया गया जिसमें पांच जोड़ों का आदर्श विवाह हुआ। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह सम्मान किया गया। कार्यक्रम में घराती-बाराती एवं ग्रामीणजनों के लिए कर्मा भंडारा रखा गया था।

कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि अजय चंन्द्राकर विधायक कुरुद, जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, जिला साहू संघ अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्रीमती केकती साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती गितेश्वरी साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रघुनंदन साहू, तोषण साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ मगरलोड ने परिक्षेत्र साहू समाज बानगर की उपलब्धियां करियर गाइडेंस, समर कैम्प, 5 जोड़ा आदर्श विवाह की सराहना करते हुए समाज के युवा, युवतियों के भविष्य निर्माण हेतु खेल, प्रशासनिक सेवा क्षेत्र, उद्यमी, तकनीकी कृषि क्षेत्र में उन्नति के लिए सहयोग देने का वादा किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रेमचंद साहू ने अपने कार्यकाल की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर चितरंजन साहू, पोषण साहू, राधेश्याम साहू, रविन्द्र साहू, थानुराम साहू, पोखराज साहू, कमलेश साहू समेत विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

# कण्डेल राशन दुकान में गुपचुप तरीके से सेल्समेन की नियुक्ति

- ग्रामीणों ने नियुक्ति को निरस्त करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति द्वारा कण्डेल में संचालित उचित मूल्य दुकान में गुपचुप तरीके से अपने करीबी व्यक्ति को सेल्समेन के पद पर नियुक्त किये जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। इस मामले की शिकायत जिला प्रशासन से कर नियुक्ति को निरस्त करने की मांग की गई है।

शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कण्डेल अंतर्गत कुल चार गांव कण्डेल, गागरा, देवपुर व पीपरछेड़ी आते हैं। समिति द्वारा कण्डेल में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान में सेल्समेन की आवश्यकता है। इस पद पर नियुक्ति के लिये नियमानुसार सभी चार गांवों में कोटवार के माध्यम से मुनादी की जानी थी, लेकिन मुनादी कराये बिना समिति प्रबंधक एवं अध्यक्ष द्वारा गुपचुप तरीके से अपने करीबी व्यक्ति को सेल्समेन के पद पर नियुक्त कर दिया गया है। इस नियुक्ति पर ग्रामवासियों को आपत्ति है।

ग्रामीणों की मांग है कि उक्त नियुक्ति को निरस्त कर नियमानुसार चारों गांवों में मुनादी कराकर आवेदन आमंत्रित कर योग्य व्यक्ति को सेल्समेन के पद पर नियुक्त किया जाये।

वन विभाग ने वन्य प्राणियों की प्यास बुझाने कई जगह किया है स्टॉप डेम का निर्माण

# जंगली जानवर पानी की तलाश में गांव की ओर आ रहे





■ कई स्टॉप डेम क्षतिग्रस्त तो कुछ में गेट नहीं होने से पानी बह गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

गर्मी में जंगली जानवरों के लिए वन विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था की जाती है। भिन्न भिन्न स्थानों पर स्टाप डेम का निर्माण किया गया है। लेकिन बारिश में भालूपानी नाला में बनाए गए स्टॉप डेम के नीचे का हिस्सा बह गया। विभाग गेट लगाना भी भूल गया है। बीट क्रमांक 353 भालूपानी नाला में लाखों रुपए की लागत से स्टाप डेम बनाया गया है जो हल्की बारिश में ही क्षतिग्रस्त हो चुका है जिससे विभाग की पोल खुल गई। वहीं नगरी मुख्यालय से 15 किलो मीटर दूर गजकन्हार के जंगल में बीट क्रमांक 274.273 में स्टॉप डेम का निर्माण हुआ था। उसके आसपास की मिट्टी बारिश में बह गई। बारिश खत्म होने पर नींव को बचाने के लिए विभाग द्वारा उसके बाजू में मिट्टी डाल दी गई है। उसे देखने से ऐसा लगता है कि बारिश में उसके बाजू से पानी बहकर निकल जायेगा। वन्य जीवों की प्यास बुझाने बनाए गए स्टॉप डेम में गेट नहीं होने से पूरा पानी बह गया है जिसके कारण जंगली जानवर अब गांव की ओर पानी की तलाश में आ रहे हैं। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी नगरी से पूछे जाने पर उन्होंने कुछ दिनों बाद फाइल देखकर बताने की बात कही। कुछ अर्जेंट काम करने की बात कहते हुए गोलमोल जवाब दिया। वहीं ग्रामीण गोलू मंडावी ने सुशासन तिहार में आवेदन लगाकर इस संबंध में जानकारी मांगी है।

## वनोपज कोकून की खरीदी हुई शुरू



■ रेशम विभाग ने महिला सदस्यों को रेशम धागा निकालने की प्रक्रिया बताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सोमवार को नगरी ब्लॉक के भैसामुडा पंचायत अंतर्गत ग्राम सभा खुदूरपानी में जंगल में नैसर्गिक रूप से उत्पादन हो रहे पंद्रह हजार कोकून की रेशम विभाग द्वारा खरीदी चालू की गई। खुदुरपानी, भैसामुड़ा, मटियाबहरा, चारगांव एवं चंदनबाहरा में सामुदायिक वन संसाधन प्राप्त होने के बाद ग्राम सभा संरक्षण करने लगी जिससे तीन वर्षों तक जंगल में आग नहीं लगी और इनके जंगल में कोकून की पैदावारी होने लगा जिससे चार सौ पचास परिवार को कम से कम दस हजार से पचास हजार रुपए तक जंगल के कोकून की बिक्री की गई। इस प्रक्रिया की जानकारी खोज संस्था के माध्यम से दी गई।

संदर्भ केंद्र खुदुरपानी में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, सीईओ रोमा श्रीवास्तव के समक्ष कोकून खरीदी का प्रस्ताव ग्राम सभा खुदूरपानी द्वारा रखा गया। कलेक्टर ने रेशम विभाग के डायरेक्टर उईके जी को आदेशित किया कि कोकून की खरीदी की जाये और कोकून से रेशम धागाकरण की प्रक्रिया चालू की जायेगी। इसके लिए रेशम विभाग द्वारा रेशम धागा निकालने की प्रक्रिया महिला सदस्यों को बताई गई। रेशम विभाग के डायरेक्टर उईके के निर्देशानुसार जयसिंह नेताम की टीम ने मशीन की सहायता से धागा निकालने व मशीन को चलाने की जानकारी दी।

## पदोन्नति में तत्काल आरक्षण बहाल करने की मांग



■ संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम महापौर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अनुसूचित जाति- जनजाति संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर रामू रोहरा शामिल हुए। अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त मोर्चा मुख्य प्रभाग एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ ने पदोन्नति में आरक्षण तत्काल बहाल करने की मांग को लेकर महापौर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महापौर ने संयुक्त मोर्चा को भरोसा दिया है कि उनके द्वारा अविलंब ही मुख्यमंत्री को इस संबंध में अनुशंसा पत्र प्रेषित किया जायेगा।

इस अवसर पर जेएल मरई जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, पालनहार मेश्राम जिला अध्यक्ष बौद्ध समाज, भावसिंह डहरे जिलाध्यक्ष सतनामी समाज, जयपाल ठाकुर, ईश्वरी नेताम, गेवाराम नेताम जिला अध्यक्ष अजजा शासकीय सेवक संघ, उदय नेताम सचिव, नरेश गावरे, कृष्णाराम मरकाम, आधारसिंह ध्रुव, गौतम पोटाई, टीकाराम कुंजाम, दीपक सहारे, द्वंवेद मंडावी, दीपक वैद्य सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## बस स्टैंड में समरसता प्याऊ का शुभारंभ महापौर ने किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बस स्टैंड में समरसता प्याऊ का शुभारंभ 14 अप्रैल को महापौर रामू रोहरा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज का दिन हमारे लिए बहुत महत्व रखता है। भारतीय संविधान के शिल्पकार, सर्वसमावेशी, समाज सुधारक, एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को समृद्ध करने वाले भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती है। बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलकर देश की महान विरासत को आगे बढ़ाएं।

इस अवसर पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन चंदूलाल साहू ने कहा कि समरसता प्याऊ का शुभारंभ बाबा साहेब के विचारों को जीवंत करने वाला प्रयास है।

कार्यक्रम के संयोजक भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक महेंद्र पंडित थे। मौके पर शहर मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, आमदी मंडल अध्यक्ष विनय जैन, क्रीड़ा भारती के जिला संयोजक लक्ष्मण पहलवान, आशीष पांडे, भागवत साहू, गोपाल साहू, सन्नी गुप्ता, विक्की यादव, गोपी, मुदस्सर, अनु, प्रेम, कमल, पारस यादव, देवेंद्र सोनी, वसु ध्रुव, राधे नवरंगे, राजू लहरे, गोलू पटेल सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## सात बालिकाओं का हुआ विद्यारंभ संस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

दुलारी नगर में तीन कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया है। इस दौरान ओशी गुप्ता एवं माखनलाल साहू का जन्मदिन मनाया गया। सात बच्चों हनी, देवप्रिया, कुणाल तिवारी, लक्ष्य तिवारी, टिवंकल, मेघा और ओशी गुप्ता का विद्यारंभ संस्कार किया गया। यज्ञाचार्य के रूप में गायत्री प्रज्ञा मंडल रुद्री की टोली रही जिसमें श्रीमती वसंता निर्मलकर, श्रीमती सुरजा यदु, श्रीमती सुशीला चंद्रवंशी, प्रदीप कुमार सोनवाने, पुरुषोत्तम निर्मलकर शामिल हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से गजानंद साहू, माखनलाल साहू, श्रीमती सुभाषिनी साहू, श्रीमती गायत्री साहू, श्रीमती गीता साहू, श्रीमती प्रमिला साहू, यशोदा, शेखन साहू, राजकुमार साहू, सावित्री, राधा, मंगाराव, कौशल्या, अंजनी, ममता डहरिया, मिश्रा उपस्थित थे। मंच संचालन श्रीमती अनुसुइया सिन्हा एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती कमलेश गुप्ता ने किया।

## कलेक्टर ने धमतरी जिले को जलाभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया

■ सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना खनन नहीं किया जाएगा

■ आदेश के क्रियान्वयन के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



धमतरी जिले में औसत वर्षा से कम वर्षा होने तथा अल्पवृष्टि, खण्डवृष्टि के कारण भूमिगत जलस्तर लगातार गिर रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बनाए गए विभिन्न पेयजल स्त्रोतों जैसे हैण्डपम्प, नलजल प्रदाय योजना, सिंगलफेस पावर पम्प और सोलर योजनाओं से पानी की आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना है। गर्मी के मौसम में इसके और भी गहराने की संभावना को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अबिनाश मिश्रा ने छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण धमतरी जिले को आगामी मानसून आगमन तक अथवा 30 जून तक जलाभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। उन्होंने आदेश जारी करते हुए कहा कि कलेक्टर की अनुज्ञा के बिना जल अभावग्रस्त क्षेत्र में जलस्त्रोत से सिंचन या औद्योगिक प्रयोजन के लिए अथवा अन्य प्रयोजन के लिए जल नहीं लिया जा सकेगा। आदेश में यह भी कहा है कि धमतरी जिले में उपरोक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा। किन्तु शासकीय एजेंसी जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सम्पूर्ण जिले में तथा नगरपालिक निगम और नगर पंचायतों को केवल पेयजल के लिए अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराए गए नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजनी होगी।

इस आदेश के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किए हैं। धमतरी नगर निगम सीमा अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी धमतरी को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह राजस्व अनुविभाग धमतरी, कुरूद और नगरी के अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया है।

## 21 हाजी 25 मई को मक्का मदीना के लिए रवाना होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ हाजियों का किया गया इस्तकबाल

शहर से इस साल 21 हाजियों का दल हज्ज़े बैतुल्लाह की जियारत के लिए मक्का- मदीना शरीफ 25 मई को रवाना होगा। कमरुद्दीन-सुलेमान परिवार की ओर से हाजियों का गर्मजोशी के साथ इस्तकबाल किया गया। मोहम्मद युसूफ रजा, मोहम्मद सलीम पुवार, अब्दुल हबीब जिलानी, रहमत, अनवर सोलंकी, अब्दुल वहीद चौहान, शेख निसार, मोहसीन रोकड़यिा, मोहम्मद सलाम तिगाला, मोहम्मद अशरफ खत्री हाजियों से इल्तेज़ा की गई है कि वह मक्का- मदीना शरीफ में देश और छत्तीसगढ़ राज्य की खुशहाली, अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ करें। कार्यक्रम का संचालन हाजी मोइनुद्दीन रिजवी ने किया। मौके पर आलोक जाधव, संदीप जगताप, हाजी सलीम रोकड़यिा, मोहम्मद इस्माइल, हाजी अब्दुल जब्बार, मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल रज़्ज़ाक रिजवी, जैनुद्दीन खिलची, मो. सलीम, मो. याकूब, मो. यूनुस खिलची, मो. हनीफ, मो. इस्त्राइल, मो. असरफ, मो. रुस्तम, हाजी सलाम खत्री, मो. सलीम भाटी, लक्की समेत बड़ी तादाद में मुस्लिम मौजूद थे।

## जिला निजी विद्यालय कल्याण संघ के तरुण बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला निजी विद्यालय कल्याण संघ की बैठक 14 अप्रैल को हुई। निजी स्कूलों में अध्ययनरत आरटीई के छात्रों की प्रतिपूर्ति राशि में वृद्धि करने, सरस्वती साइकिल योजना का लाभ निजी स्कूलों के बच्चों को भी दिलाने, आरटीई के बच्चों को मिलने वाली ड्रेस की राशि बढ़ाकर सीधे पालक के खाते में हस्तांतरित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में कार्यकाल पूरा होने पर पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। अध्यक्ष तरुण भांडे, सचिव गजेन्द्र पटेल, सहसचिव विशेष लखोटिया, कोषाध्यक्ष बसंत गजेन्द्र, उपाध्यक्ष सोमन साहू, चुड़ामणि साहू, मोहन सोनी, भूपेश चौधरी बनाए गए हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में गोपाल साहू, राकेश साहू, पवन साहू, डॉ एसके मौर्य, नरेंद्र यादव, हितेश्वर साहू , कमलेश राठौर, दिनेशपुरी गोस्वामी शामिल हैं। मीडिया प्रभारी मुकेश राव नन्नावरे, प्रमुख सलाहकार तिहारू सिन्हा, विनोद पांडे, पारखदास मानिकपुरी एवं संरक्षक दीपक लखोटिया, अशोक देशमुख, एमके मसीह, धीरज अग्रवाल, सुबोध राठी, सूर्यप्रभा चेट्टियार बनाए गए हैं। चुनाव प्रभारी संरक्षक सुबोध राठी, धीरज अग्रवाल के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से पदाधिकारी चुने गए। इस अवसर पर जिले से आए सभी संचालकों, पूर्व पदाधिकारियों को शिक्षाविद सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।

## धार्मिक, राजनीतिक क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभाएं : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



झिरिया धोबी समाज धमतरी राज का 56 वां महाधिवेशन ग्राम अरौद (ली) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक रहे। श्री कौशिक ने समाज के लोगों से धार्मिक, सांस्कृतिक, उच्च शिक्षा , राजनीतिक में भागीदारी बनने को कहा। समाजजनों ने धोबी जयंती के दिन अवकाश की मांग रखी। अध्यक्षता कर रही जनपद अध्यक्ष धमतरी श्रीमती अंगीरा ध्रुव ने कहा कि हिंदू शास्त्रों में पवित्रता को विशेष महत्व दिया गया है और धोबी समाज का इसे बनाए रखने में बहुत योगदान है। समाज में व्याप्त कुरीतियों का नाश करना आवश्यक है। शिक्षा के क्षेत्र में भी बच्चों के प्रति ध्यान देने की बात कही। मौके पर सरपंच श्रीमती टिकेश्वरी साहू, उपसरपंच ईकेश्वर सिन्हा समेत बोरसी परिक्षेत्र के करीब 25 गांवों के ग्रामीणों की उपस्थिति रही।




## अंचल की खबरें

### सारंगपुरी की बैठक में 14 विषयों पर बनी सहमति



**धमतरी।** ग्राम पंचायत सारंगपुरी में बैठक हुई। बैठक में 14 विषयों पर आपसी सहमति बनी। बैठक की अध्यक्षता सरपंच रामकुमार यादव ने की। बैठक में उपसरपंच देवचरण नेताम, पंचगण हेमूराम गायकवाड़, नारायण ढीमर, प्रेमु साहू, धनेश्वरी साहू, इंदु साहू, कुंती सोनकर, कांति नेताम, पुष्पा बघेल, श्वेता सोनकर एवं मंजु ध्रुव के अलावा रामेश्वर सोनकर, गंगाराम साहू, गणेश मारकंडे, वासुदेव सोनवानी, गौकरण चेलक, पवन दीवान, सुनो राम साहू, देवलाल दीवान, रोजगार सहायक रोशन साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनसुईया सोनकर, भृत्य चोवाराम दीवान उपस्थित थे।

### दानीटोला में गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा





**धमतरी।** दानीटोला में वार्डवासियों के सहयोग से गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा, हनुमान जयंती, मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। 11 अप्रैल को मंगल कलश यात्रा निकाली गई। 12 अप्रैल को गायत्री महायज्ञ हुआ जिसमें 7 बहनों का पुंसवन संस्कार निःशुल्क हुआ। हनुमान जयंती मनाई गई । चालीसा पाठ कर शोभायात्रा निकाली गई । 13 अप्रैल को मानस सम्मेलन में ख्याति प्राप्त मंडलियों ने मानसगान किया। शांति कुंज हरिद्वार से पधारे ऋषि पुत्रों ने यज्ञ की महिमा बताई। गायत्री मंत्र जप करने वालों को असंख्य लाभ मिलता है। कार्यक्रम में नरेन्द्र साहू, राजेंद्र नाग, मेघाराम निर्मलकर, रामेश्वर यादव, अशोक मेश्राम, थानसिंग साहू, अज्जु देशलहरे पार्षद का योगदान रहा।

### अब पंचायत सचिव दिल्ली के जंतर-मंतर में करेंगे प्रदर्शन



**धमतरी।** पंचायत सचिवों ने बुधवार को 30 वें दिन भी अपना आंदोलन जारी रखा । शासकीयकरण की मांग को लेकर पिछले 30 दिन से गांधी चौक मैदान में आंदोलन में हैं। पिछले 5 दिन से पंचायत सचिव क्रमवार भूख हड़ताल पर हैं । पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी आंदोलन करते रहेंगे। ज्ञात हो कि भाजपा सरकार ने चुनाव के पहले शासकीयकरण करने की घोषणा की थी लेकिन डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी घोषणा पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है जिसे लेकर पिछले 18 मार्च से पंचायत सचिव संघ प्रदेशव्यापी आंदोलन पर हैं। सचिवों के आंदोलन से पंचायत का काम ठप है । लगभग 200 योजनाएं अलमारी में कैद हैं। अब पंचायत सचिव दिल्ली में जाकर जंतर-मंतर में प्रदर्शन करेंगे।


### बेलौदी स्कूल के प्राचार्य को मिला अवॉर्ड



■ बिनोबा एप के बोलेगा बचपन एक्टिविटी में पोस्ट ऑफ मंथ के लिए किया सम्मानित

**मगरलोड।** विनोबा एप में जिलास्तरीय पोस्ट ऑफ द मंथ अंतर्गत रचनात्मक लेखन, बोलेगा बचपन कार्यक्रम के उच्चस्तरीय कार्य के लिए सभी ब्लॉक से कुल 19 शिक्षकों एवं 3 संकुल समन्वयकों को प्रमाण पत्र एवं रिवॉर्ड गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, सीईओ रोमा श्रीवास्तव, डीएमसी भुवन जैन, एपीसी नंद किशोर साहू की उपस्थिति में शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बेलौदी ब्लॉक मगरलोड के प्राचार्य अशोक कुमार पटेल को भी बिनोबा एप में उच्च स्तरीय रचनात्मक लेखन के लिए माह मार्च 2025 का जिला स्तरीय पोस्ट ऑफ द मंथ अंतर्गत रचनात्मक लेखन बोलेगा बचपन कार्यक्रम के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा सीईओ सुश्री रोमा श्रीवास्तव, भुवन जैन, नंदकिशोर साहू ,हितेश निर्मलकर जिला प्रोजेक्ट ऑफिसर विनोबा धमतरी ने अवॉर्ड प्रदान किया। अशोक कुमार पटेल ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह सम्मान सभी शिक्षक साथियों का है। सभी के योगदान का है। इस उपलब्धि पर श्री देवांगन, तिलक, अशोक कश्यप, संतोष साहू, मनोज साहू, सीमा, खिलेश्वर, जितेन्द्र, घनश्याम यादव, घनश्याम साहू, गैंदलाल, भेखराम, भूषण, अशोक साहू, ओमप्रकाश, डायमंड ने हर्ष जताया है।

### लिमतरा में भगवान विष्णु की प्राण प्रतिष्ठा



**धमतरी।** ग्राम लिमतरा के महार समाज भवन में भगवान श्री विष्णु की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। तालाब के पास शिव मंदिर निर्माण के भूमिपूजन किया। शिव मंदिर के लिए निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों में उत्साह है। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि इस मंदिर के निर्माण से गांव में भगवान शिव के प्रति भक्ति में वृद्धि होगी। भगवान के आशीर्वाद से गांव में सुख - समृद्धि बनी रहेगी। उन्होंने महार समाज भवन में अहाता और टिन सेड निर्माण के लिए चार लाख रूपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम मुख्य रूप से जिपं सदस्य कविता बाबर, सरपंच भुनेश्वरी साहू, रोहिणी अग्रवाल पूर्व जनपद सदस्य ,परसराम उपसरपंच, पार्षद विशु देवांगन, भगवती राम साहू,चंद्रभागा मेश्राम संरक्षक महार समाज, भावेन्द्र अग्रवाल, रेवाराम रायपुरिहा , दीनदयाल मिथिलेश, उमेश चंद्रवंशी, संतोष भीमगज , इंद्रजीत सोनगेरवा, गणेश्वरी कामड़े , आनंद चंद्राकर, कार्तिकराम साहू, सुदामा अग्रवाल, मुकेश बजरंग, मुकेश अग्रवाल, भीम रायपुरिया, खिलेश साहू, सीमा साहू, तामेश्वरी साहू, पोषण साहू, रूपेश साहू बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नम्रता खनिज विभाग की सभापति बनी

**धमतरी।** ग्राम छाती के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य श्रीमती नम्रता पालनहार दिली को जनपद पंचायत धमतरी में खनिज विभाग का सभापति नियुक्त किया गया है। इस पर श्रीमती दिली ने पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र के अवैध खनन को बंद कराया जाएगा। कड़ी कार्रवाई करने की मांग शासन से करेंगे।



### मृत्यु प्रमाण-पत्र के लिए एक माह से भटक रहा परिवार

**मगरलोड।** विष्णुदेव सरकार के सुशासन को धता बताकर अधिकारी कर्मचारी मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज के लिए मृतक के परिवार को एक महीने से भटका रहे हैं । ग्राम पंचायत सचिव की हड़ताल के बहाने कर आवश्यक कार्यों में अघोषित ब्रेक लगा दिया है। ग्राम पंचायत मेघा निवासी गोवर्धन यादव की पत्नी का 15 मार्च का निधन हो गया जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए मृतक के पति ने ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क किया। ग्राम पंचायत सचिव की हड़ताल का बहाना कर पंचायत कार्यालय व्दारा बार-बार गुमराह किया जा रहा है। परेशान परिजनों ने जनपद पंचायत मगरलोड में अपनी व्यथा बताई तो जनपद के जिम्मेदार अधिकारी भी काम करने की बजाय गोलमोल जवाब दे रहे हैं और 8-10 दिन में प्रमाण पत्र देने की बात कर रहे हैं। वहीं मृतक के परिजनों को बैंक, जमीन जैसे महत्वपूर्ण कार्य संबंधी निपटारा के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र की नितांत आवश्यकता है।



### थूहा में प्याऊ घर का उद्घाटन

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थूहा द्वारा स्काउटिंग उद्देश्य से प्रेरित होकर जनप्रतिनिधि एवं व्यापारियों से सहयोग से ग्राम पंचायत थूहा (बंगोली मोड़) में प्याऊ घर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सरपंच लोमेश्वर ध्रुव ने कहा कि यह सराहनीय एवं पुण्य का कार्य है। उपसरपंच तुकेश साहू ने भी इस प्रयास को सराहा। सर्व समाज के अध्यक्ष लीलाराम साहू ने कहा कि इस तरह के पुनीत कार्य से समाज के अन्य लोग भी प्रेरित होंगे। शाला प्रभारी प्राचार्य कुमार सेन ने बताया कि इस प्रकार के कार्य अब प्रतिवर्ष किए जाएंगे। इस अवसर पर स्काउट्स प्रभारी ताकेश्वर पाण्डेय, डीएल दीवान, एसएल साहू, श्रीमती एस साहू, ए. सोनवानी, एन बंजारी, ओ. कुर्रे, एन. रंगारी, जी. ध्रुव समेत ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। रोवर क्रू ऋतिक कुमार, कुणाल कुर्रे, पूरब सिंह, लेमन कुर्रे, महेश कुमार, रुद्र कुमार द्वारा प्याऊ घर में राहगीरों को सामान्य जल के साथ आम रस, नींबू पानी, जल जीरा उपलब्ध कराया जाएगा।

पोर्टल दोबारा खोलने शासन स्तर पर नहीं आया आदेश

# उज्ज्वला गैस के हजारों आवेदन सालभर से पेंडिंग, पोर्टल बंद होने से परेशानी बढ़ी


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उज्जवला योजना के तहत कम रेट में गैस कनेक्शन की चाहत रखने वाले हितग्राहियों को आवेदन भरने के साल भर बाद भी लाभ नहीं मिला है। आवेदन के लिए खोला गया पोर्टल भी बंद हैं। मुफ्त सिलेंडर और गैस चूल्हा मिलने की राह देखने वालों ने तो आस ही छोड़ दी है। पोर्टल दोबारा खोलने के लिए शासन स्तर पर अभी कोई आदेश भी जारी नहीं हुआ है। कई हितग्राही अभी भी गैस एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं। जिसे पोर्टल बंद होने की जानकारी दी जाती है। इधर गैस एजेंसियां भी अब आवेदन लेने से आनाकानी कर रही हैं।

बता दें कि जिले में लगभग 14 गैस एजेंसियां हैं, जिसके माध्यम से शासन ने उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर और चूल्हा के लिए ऑनलाइन, आफलाइन आवेदन मंगवाया था। पोर्टल खोलने तक लाखों आवेदन गैस एजेंसियां एवं निगम के शिविर के माध्यम से जमा हुआ है। इस दौरान लोगों के गैस कनेक्शन का केवायसी अपडेट किया गया। गैस कनेक्शन वितरण के बाद शेष आवेदनों को पेंडिंग में डाल दिया गया है। शासन ने पोर्टल भी बंद कर दिया जिससे पात्र लोगों को साल भर से इंतजार करना पड़ रहा है। ऐसे आवेदनों की संख्या लगभग 10 हजार है।

#### मिलती है 300 रूपये की सब्सिडी

उज्ज्वला योजना के तहत दिए गए गैस कनेक्शन में शासन की ओर से 367.40 रूपये सब्सिडी मिल रही है जबकि सामान्य हितग्राहियों को 67.40 रूपये की सब्सिडी प्राप्त हो रही हैं। सरकार ने अब साल भर से उज्जवला का नए कनेक्शन देना बंद कर दिया है।

#### माता-पिता से अलग होकर बना रहे राशन कार्ड

उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन के लिए परिवार के नए सदस्य शादी होते ही माता पिता से अलग होकर राशन कार्ड बना रहे हैं। पिछले साल भर में हजारों कार्ड ऐसे बने जिसे प्राथमिकता की श्रेणी में रखा गया है। जिनमें से अधिकांश हितग्राहियों को आवेदन के बाद भी उज्ज्वला का लाभ नहीं मिला है।

#### पोर्टल में नहीं हुआ अपलोड

इधर गैस एजेंसियों का कहना है कि गैस कनेक्शन के लिए दिए गए आवेदनों का वेरिफिकेशन करा लिया गया है। पोर्टल बंद होने से अपलोड नहीं हुआ है। उनके पास प्रतिदिन कई ग्राहक गैस कनेक्शन पूछने आते हैं।

#### लकड़ी खरीदकर चूल्हा जला रहे

आवेदन करने वाले हितग्राही संतरी बाई मारकंडे, जानकी पटेल, शांति सोनकर, उर्मिला ध्रुव, अमरीका बाई एक गैस एजेंसी में जानकारी लेने पहुंची थी। उन्होंने बताया कि आवेदन दिए सालभर हो गए हैं। गैस कनेक्शन नहीं मिलने से लकड़ी खरीदकर चूल्हा जला रहे हैं। सामान्य कनेक्शन लेने एवं रिफलिंग कराने उनके पास बजट नहीं है।

#### सवा लाख हितग्राहियों को मिला कनेक्शन

जानकारी के मुताबिक जिले में उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या सवा लाख से अधिक हैं। गैस का दाम 50 रूपये कम होने एवं सब्सिडी बढ़ने से रिफलिंग कराने वाले ग्राहकों की संख्या बढ़ गई है।

## राणा का नाम दूसरी बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पूर्व प्रशासनिक अधिकारी जीआर राणा का नाम एक बार फिर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज हो गया है। इस बार उन्हें झारखंड राज्य के निर्वाचन सार पुस्तक के लिए दिया गया है। धमतरी के पूर्व एसडीएम जीआर राणा सेवानिवृत्त होने के बाद समाजसेवा में जुटे हुए हैं। इसके अलावा वे विभिन्न राज्यों के चुनाव संबंधित जानकारी संकलन कर रहे हैं।

पूर्व में उन्होंने छत्तीसगढ़ विधानसभा का निर्वाचन सार तैयार किया था जिसके लिए उनका नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज हुआ था। अब उन्होंने झारखंड राज्य के विधानसभा 2000 से 2024 तक का निर्वाचन सार को एक पुस्तक में तैयार किया है। इस उपलब्धि के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की छत्तीसगढ़ हेड सोनल शर्मा ने उन्हें प्रमाण-पत्र प्रदान किया। जीआर राणा ने बताया कि बहुत जल्द तेलंगाना और महाराष्ट्र का निर्वाचन सार तैयार कर रहे हैं।

## शिक्षक संवर्ग ने किया पार्षद का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षक संवर्ग साख सहकारी समिति द्वारा अधारी नवागांव वार्ड के पार्षद एवं समिति के विधिक सलाहकार तल्लीनपुरी गोस्वामी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष मेघनाथ साहू, सचिव कौशलचंद्र चंद्राकर, संयोजक देवनाथ साहू, संरक्षक भगवती प्रसाद सोनी, जिला प्रतिनिधि लोकेश पांडेय, राजेंद्र यादव उपस्थित थे।

## यशवंत पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष चुने गए



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पेंशनर्स एसोसिएशन के यशवंत देवान प्रांतीय अध्यक्ष चुने गए। न्यायालय, रजिस्ट्रार, फर्म्स एण्ड सोसायटी छग के आदेशानुसार निर्वाचन संपन्न हुआ। प्रदेश के 14 जिलों के संगठन सक्रिय हैं परंतु शादी, त्योहार एवं स्वास्थ्यगत कारणों से 11 जिलों के हजारों मतदाताओं ने निर्वाचन में भाग लिया। प्रत्येक तहसील में पहली बार मतदान के माध्यम से प्रांतीय अध्यक्ष का चुनाव हुआ।

प्रांतीय अध्यक्ष के चुनाव में डॉ. केएल टांडेकर राजनांदगांव, भैयाराम चन्द्राकर बागबाहरा एवं यशवंत देवान धमतरी प्रत्याशी रहे। मतगणना 11 टेबलों में 3 चरणों में पूर्ण हुई। प्रथम चरण से लेकर अंतिम चरण तक यशवंत देवान आगे चलते रहे। अंततः 35 तहसीलों के मतपत्र की गणना के बाद यशवंत देवान प्रांतीय अध्यक्ष को मुख्य निर्वाचन अधिकारी बीसी साहू रिटायर्ड अपर कलेक्टर, निर्वाचन अधिकारी सीआर साहू रिटायर्ड संभागीय इंजीनियर ने प्रमाण पत्र देकर विजयी घोषित किया। यशवंत देवान के प्रांतीय अध्यक्ष बनने के बाद प्रदेश के समस्त पेंशनरों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## खेलकूद शारीरिक व मानसिक विकास का प्रमुख साधन है : कविता



- रावनगुड़ा प्रीमियर लीग के समापन समारोह में शामिल हुई जिला पंचायत सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रावनगुड़ा प्रीमियर लीग क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में रात्रिकालीन नौ दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता योगेश बाबर थीं। अपने उदबोधन में श्रीमती बाबर ने कहा कि खेल मनुष्य के जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। क्रिकेट का खेल भारत में लोकप्रिय है। फ़ाइनल मैच की विजेता टीम को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए बधाई दी एवं दूसरे स्थान पर आने वाली टीम का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप अपनी कुछ गलतियों के कारण द्वितीय स्थान पर आए हैं। उन गलतियों को सुधारकर भविष्य में और अधिक उत्साह से खेलेंगे तो एक दिन जरूर प्रथम स्थान पर आयेंगे। इस अवसर पर सरपंच त्रिलोचन साहू, डॉ मोतीलाल यदु, गुलाब साहू, परमानंद साहू, खिलानंद साहू, थानेश्वर साहू, चमनलाल साहू समेत आयोजन समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## साहित्यकारों के नाम पर होगा मार्ग का नामकरण

- जिला हिन्दी साहित्य समिति ने किया महापौर का अभिनंदन
- साहित्य वह रचना है जो संस्कृति को प्रसारित करती है : रामू रोहरा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला हिन्दी साहित्य समिति द्वारा म्युनिस्पिल स्कूल के पीछे साहित्य भवन में महापौर जगदीश रामू रोहरा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती कौशिल्या देवांगन सभापति ने की। विशिष्ट अतिथि योगेश लाल पार्षद रिसाईपारा पश्चिम, विभा चंद्राकर पार्षद, सुरजीत नवदीप सुप्रसिद्ध हास्य व्यंग्य कवि एवं संरक्षक जिला हिन्दी साहित्य समिति एवं अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव थे। कवयित्री श्रीमती कामिनी कौशिक द्वारा रचित स्वागत गीत की संगीतकार रिजवान अली अंजुम द्वारा प्रस्तुति दी गई। अभिनंदन पत्र का वाचन अध्यक्ष डुमन लाल ध्रूव तथा समिति का मांग प्रतिवेदन सचिव डॉ. भूपेन्द्र सोनी ने प्रस्तुत किया। कवि दीप शर्मा ने महापौर श्री रोहरा के जीवन परिचय से अवगत कराया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि धमतरी के साहित्यकारों को नमन है। साहित्य वह रचना है जो संस्कृति को प्रसारित करती है। कवि स्व. नारायणलाल परमार, मरहूम गीतकार गजल गो मुकीम भारती, व्यंग्यकार त्रिभुवन पाण्डेय, कवि भगवती सेन, रमेश अधीर एवं कवि सुरजीत नवदीप ये सभी महान विभूतियां हैं। साहित्यकार समाज को नई दिशा देते हैं। महापौर ने रिसाईपारा पश्चिम में निर्मित साहित्य भवन का विधिवत रूप से अधिकार पत्र प्रदाय करने, विद्युत कनेक्शन, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, परिसर के बाहर बनी नाली को चेंबर से ढंकने, सीढ़ी में रैलिंग लगाने, साहित्यकार स्व. नारायणलाल परमार के नाम से (चर्च के पास पुराना ओम शांति भवन मार्ग पीटर कालोनी टिकरापारा) त्रिभुवन पाण्डेय (अंबेडकर चौक के पास सोरिद नगर मार्ग), मरहुम गीतकार मुकीम भारती रत्नाबांधा एवं सर्वहारा वर्ग के प्रख्यात कवि भगवती सेन के नाम से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू छोटे लाल श्रीवास्तव घर के पास मार्ग का नामकरण करते हुए सांकेतिक बोर्ड लगाने की मांग को पूर्ण किये जाने की घोषणा की। श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है। हम सभी कामकाज में पूरी संजीदगी के साथ उपयोग करते हैं। योगेश लाल ने कहा कि महापौर श्री रोहरा ऊर्जावान और प्रेरक व्यक्तित्व के धनी हैं। धमतरी की साहित्य समिति सन 1933 से निर्मित है। यह इस शहर की उपलब्धि है। साहित्यकार सुरजीत नवदीप ने कहा कि मैं क्या छोड़ जाऊंगा जो निकलना था वह निकल गया। सेवाएं मिलती रहे सेवा करते रहे, मेवा मिलेगा। श्रीमती विभा चंद्राकर ने भी कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन कवयित्री श्रीमती कामिनी कौशिक तथा आभार प्रदर्शन चन्द्रशेखर शर्मा ने किया। मौके पर गोपाल शर्मा, मदन मोहन खंडेलवाल, डॉ चंद्रशेखर चौबे, आकाशगिरी गोस्वामी, कुलदीप सिन्हा, विनोद रणसिंह, राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा, नरेशचंद्र श्रोती, राकेश दीवान, देवेन्द्र मिश्रा, नजीर सिद्दीकी, किरण साहेब, डॉ. सरिता दोशी, डॉ. रचना मिश्रा, श्रीमती रेखा परमार, माधुरी मार्कण्डेय, जानकी गुप्ता, कल्पना ध्रुववंशी, नीरज श्रीवास्तव, प्रीतपाल छाबड़ा, गोपाल साहू, मोहम्मद तारिक बेदार, कुंदन सिंह ठाकुर, वैभव कौशिक उपस्थित थे।

## फोटोग्राफर व उसके भाई पर हथियार से हमला

- शादी कार्यक्रम में फोटोशूट करने भखारा गए थे






हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शादी कार्यक्रम में फोटो शूट कर रहे फोटोग्राफर व उसके भाई पर कुछ युवकों ने धारदार हथियार से हमलाकर घायल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय आमातालाब रोड निवासी पुष्पांक साहू पिता वेदप्रकाश उम्र 26 वर्ष फोटोग्राफी का काम करता है। युवक सोमवार को टेवेंद्रकुमार साहू के शादी कार्यक्रम में फोटोशूट करने भखारा गया था। पुष्पांक के साथ उसका छोटा भाई हिमांशु साहू भी गया था। दोनों भाई शादी का फोटोशूट कर रहे थे। इसी दौरान रात्रि लगभग 11.30 बजे भखारा के रामलीला मैदान बस स्टैंड के पास दो युवक पहुंचे। जिसमें से एक अपना नाम छोटू माल बता रहा था। शराब के नशे में दोनों युवक पुष्पांक व शैलेंद्र को अश्लील गालियां दे जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखे लोहे के धारदार हथियार से हमलाकर मारपीट की।

इस घटना में पुष्पांक के बायें कान में चोट लगी है। वहीं हिमांशु की पीठ व बायें हाथ की कलाई में चोट पहुंची है। अत्याधिक खून निकलने के कारण दोनों भाई रात्रि में ही इलाज कराने धमतरी लौट गए। मसीही अस्पताल पहुंचकर इलाज कराया। घटना के दौरान युवक का कीमती कैमरा भी गुम हो गया। पीड़ित से मारपीट करने वालों में छोटू माल, उसका साथी सहित अन्य लड़के शामिल थे। हमलावरों की फोटो पीड़ित युवक के पास मौजूद है। उपचार कराने के बाद दूसरे दिन मंगलवार को पीड़ित युवक ने भखारा थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। भखारा पुलिस ने आरोपी छोटू माल व उसके अन्य साथियों के खिलाफ धारा 115/2, 296, 3/5, 351/2 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

## मुख्य सड़क पर मवेशियों के विचरण से हो रही दुर्घटना



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत नगरी के मुख्य मार्ग गौरव पथ, डीडीपारा मेन रोड धमतरी पर मुख्य सड़क सांकरा रोड एवं बजरंग चौक नगरी से सिहावा मुख्य सड़कों पर जानवर विचरण करते रहते हैं। इससे बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकता है। पूर्व में भी अनेक दुर्घटनाएं हो चुकी है। जबाबदार अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है । भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना घटती है तो उसकी जवाबदारी किसकी होगी। संबबधित अधिकारी अपनी जबाबदारी को समझें और पशुपालक को हिदायत दें और मुख्य सड़कों पर विचरण करने वाले जानवरों को सुरक्षित रखने कहे। विभाग द्वारा पशुपालकों को नोटिस देना चाहिए। वहीं नगरी पंजाब बैक के सामने धमतरी रोड पर किसी अज्ञात गाड़ी की चपेट में आकर एक गाय की मौत हो गई थी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## पंचायत सचिवों ने मृतक साथियों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी ब्लाक के पंचायत सचिवों ने बुधवार को अपने अधिकारों की मांग कर रहे पंचायत सचिवों रामकुमार कश्यप कोरबा, रामेश्वर चौहान जशपुर मोहित साहू महासमुंद के आकस्मिक निधन पर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। पंचायत सचिवों ने कहा कि अब हमें यह प्रण लेना होगा कि इनकी शहादत को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। इस आंदोलन को थमने नहीं देंगे। अब यह आंदोलन सिर्फ एक सूत्रीय मांग का नहीं, बल्कि इज्जत, इंसाफ और अधिकार का बन चुका है।

मौके पर अनीत ध्रुव अध्यक्ष, खूबचंद ध्रुव, मदन सेन, आसत सामरथ, रैन नेताम, प्रमोद महिलांगे, भूपेंद्र देवांगन, बुधराम नेताम, नारायण कुंजाम, भोलाराम साहू, पीला राम सेन समेत ब्लॉक के सचिव मौजूद थे।







